चोला मेरा रंग दो बांके बिहारी

चोला मेरा रंग दो बांके बिहारी,
बांके बिहारी मेरे कुंज बिहारी,
चोला मेरा रंग दो बांके बिहारी...

जिस रंग में तेरा मुकुट रंगा है,
मुकुट रंगा है तेरे शीश पे सजा है,
उसी रंग में रंग दो हमको बिहारी,
चोला मेरा रंग दो बांके बिहारी.....

जिस रंग में तेरा तिलक रंगा है,
तिलक रंगा है तेरे माथे पर सजा है,
उसी रंग में रंग दो हमको बिहारी,
चोला मेरा रंग दो बांके बिहारी.....

जिस रंग में तेरा पीतांबर रंगा है,
पीतांबर रंगा है तेरे अंगों पर सजा है,
उसी रंग में रंग दो हमको बिहारी,
चोला मेरा रंग दो बांके बिहारी.....

जिस रंग में तेरी मुरली रंगी है,
मुरली रंगी है तेरे होठों पर सजी है,
उसी रंग में रंग दो हमको बिहारी,
चोला मेरा रंग दो बांके बिहारी.....

जिस रंग में तेरी राधे रंगी है,
राधे रंगी है तेरे संग में खड़ी है,
उसी रंग में रंग दो हमको बिहारी,
चोला मेरा रंग दो बांके बिहारी.....

जिस रंग में तेरे भगत रंगे हैं,
भगत रंगे हैं सत्संग में सजे हैं,
उसी रंग में रंग दो हमको बिहारी,
चोला मेरा रंग दो बांके बिहारी.....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/30158/title/chola-mera-rang-do-banke-bihari

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |